जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान टिहरी गढ़वाल, नई टिहरी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर 'शिक्षा सप्ताह' का आयोजन

कार्यक्रम आख्या

दिनांक 22 जुलाई से 28 जुलाई 2024 तक

कार्यक्रम समन्वयक : डा॰ सुमन नेगी एवं डा॰ कपिल देव सेमवाल,

प्रवक्ता, सेवापूर्व विभाग, डायट, नई टिहरी

<u>**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर 'शिक्षा सप्ताह' का आयोजन**</u>

<u>**कार्यक्रम आख्या**</u>

दिनाँक 22 जुलाई 2024 को डायट टिहरी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर श्रीमती हेमलता भट्ट, प्राचार्य डायट टिहरी द्वारा शिक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम दिनाँक 22 जुलाई 2024 से 28 जुलाई 2024 तक मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में दिनाँक 22 से 28 जुलाई 2024 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति कि विगत चार वर्षों की उपलब्धियों को प्रतिबिंबित करने के उद्देश्य से किया गया। इस हेतु सप्ताह के प्रत्येक दिन हेतु एक विशिष्ट कार्यक्रम निर्धारित है जो शिक्षा के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करता है। शिक्षा सप्ताह का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच सहयोग एवं नवाचार की भावना को बढ़ावा देना है साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में पॉलिसी मेकर तथा स्टेक होल्डर के साथ बेस्ट प्रैक्टिस साझा करने के लिये एक मंच प्रदान करना है। संस्थान में डी॰एल॰एड॰ प्रशिक्षुओं द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग किया गया जिसका विवरण इस प्रकार है –

<u>**प्रथम दिवस**</u>

<u>**सोमवार, दिनाँक 22 जुलाई 2024 (टी॰एल॰एम॰ दिवस)**</u>

इस दिवस के अवसर पर डी॰एल॰एड॰ प्रशिक्षुओं द्वारा टी॰एल॰एम॰ दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत प्रशिक्षुओं द्वारा <u>**'पानी को कैसे बचायें'**</u> विषय पर पोस्टर निर्माण, गणित एवं विज्ञान संबंधी पहेलियाँ निर्माण, कहानी निर्माण , मुखौटे एवं पपेट निर्माण कार्य किया गया।

द्वितीय दिवस

मंगलवार, दिनाँक 23 जुलाई 2024 (एफ़॰एल॰एन॰ दिवस) ण

द्वितीय दिवस के अवसर पर डी॰एल॰एड॰ प्रशिक्षुओं द्वारा कला–क्राफ्ट निर्माण, निपुण प्रतिज्ञा, निपुण गीत गायन किया गया तथा साथ में टॉय बेस्ड पेडागॉजी आधारित लघु नाटिका (कद्दू की बारात) का मंचन किया गया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षुओं द्वारा हैंड एवं फिंगर पपेट के माध्यम से कहानी निर्माण किया गया।

<u>तृतीय दिवस</u>

<u>बुधवार, दिनाँक 24 जुलाई 2024 (खेल दिवस)</u>

प्रशिक्षुओं द्वारा उक्त दिवस खेल दिवस के रूप में मनाया गया जिसके अंतर्गत डी०एल०एड० प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के मध्य शतरंज, क्रिकेट, टेबल टेनिस तथा खो–खो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शतरंज महिला वर्ग प्रतियोगिता में कु० स्वाती (द्वितीय वर्ष), शतरंज पुरूष वर्ग प्रतियोगिता में शुभम नौटियाल (द्वितीय वर्ष) विजेता रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु विजेता रहे, टेबल टेनिस के महिला वर्ग में कु० मनीषा नेगी (प्रथम वर्ष), पुरूष वर्ग में जतिन बिष्ट (प्रथम वर्ष), डबल में सुभाष नौटियाल एवं शुभम नौटियाल (द्वितीय वर्ष) विजेता रहे। खो–खो महिला वर्ग प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष एवं खो–खो पुरूष वर्ग में प्रथम वर्ग विजेता रहे।



चतुर्थ दिवस

गुरूवार, दिनाँक 25 जुलाई 2024 (सांस्कृतिक दिवस)

सांस्कृतिक दिवस के अवसर पर डायट टिहरी में विभिन्न स्थानीय खेल जैसे– पिट्ठू, चम्मच दौड़, लंगडी टांग दौड़ का आयोजन किया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा सदन वार उड़िया तथा पंजाबी गाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चौखम्बा सदन विजेता रहा। इस दिवस पर श्रीदेव सुमन जी की पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर डायट संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये तथा परिसर में पौधारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाया गया।

<u>पंचम दिवस</u>

<u>शुक्रवार, दिनाँक 26 जुलाई 2024 (कौशल विकास एवं डिजिटल इनिशिएटिव दिवस)</u>

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं द्वारा शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत कौशल विकास एवं डिजिटल इनिसिएटिव दिवस के अवसर पर संप्रेषण कौशल, जैविक फार्मिंग एवं राज्य एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न डिजिटल कार्यक्रमों एवं प्रसारित होने वाले चैनलों से संबंधित जागरूकता हेतु प्रस्तुतीकरण दिया गया।

<u>षष्टम दिवस</u>

<u>शनिवार, दिनाँक 27 जुलाई 2024 (इको क्लब दिवस)</u>

उक्त दिवस के अवसर पर डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण में प्रस्तुतीकरण तथा पोस्टर बनाए गए, आपदा प्रबन्धन पर प्रस्तुतीकरण दिया गया तथा विद्यालय सुरक्षा पर प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा सदनवार समूह चर्चा करायी गयी।

<u>सप्तम दिवस</u>

<u>रविवार, दिनाँक 28 जुलाई 2024 (सामुदायिक सहभागिता दिवस)</u>

उक्त दिवस के अवसर पर सामुदायिक सहभागिता पर आधारित सामाजिक सुरक्षा, नैतिक कर्तव्य पर प्रस्तुतीकरण दिया गया तथा नैतिक कर्तव्य पर प्रथम वर्षीय एवं द्वितीय वर्षीय प्रशिक्षुओं के मध्य सदनवार पोस्टर प्रतियोगिता करायी गयी।

(हेमलता भट्ट)
प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
टिहरी गढ़वाल, नई टिहरी